राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 13.03.2022

आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा, 2021 का आयोजन दिनांक 20.03.2022 व 21.03.2022 को प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक एवं दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक राजस्थान राज्य के समस्त संभागीय जिला मुख्यालयों पर किया जा रहा है।

उक्त परीक्षा के प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध Admit Card लिंक पर जाकर आवेदन–पत्र क्रमांक (Application No.) व जन्म दिनांक से डाउनलोड कर लेवें। साथ ही अभ्यर्थी https://sso.rajasthan.gov.in पर लॉगिन कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment portal लिंक का चयन कर भी संबंधित परीक्षा का प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर एक फोटो एवं मूल फोटोयुक्त पहचान–पत्र अवश्य लेकर परीक्षा समय से 01 घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। मूल फोटोयुक्त पहचान–पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन कर लेवें।

उक्त परीक्षा वर्णनात्मक होने के कारण अभ्यर्थियों की सुविधार्थ नीली स्याही के बॉल पेन के साथ ही सामान्य जैल पेन/स्याही पेन एवं आवश्यकता अनुसार पेंसिल, रबड़ एवं स्कैल (पैमाना) लाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना (COVID-19) के संबंध में जारी गाईडलाईन की पूर्णतः पालना करें एवं परीक्षा केन्द्र पर मास्क लगाकर उपस्थित होवें।

(हरजी लाल अटल)
सचिव